<u>**Sixteenth Loksabha**</u>

>

Title: Need to provide modern medical equipments and ensure presence of Doctors in hospitals in Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat. - Laid.

श्री मनसुख धनजीभाई वसावा (भरूच) : मैं सरकार की जानकारी में लाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच अंतर्गत नर्मदा के डिड़ियापाड़ा एवं सागवारा तालुका एवं भरूच जिले के नेत्रण एवं वालिया तालुका आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहां के लोगों को गंभीर बीमारियों के लिए 100 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है क्योंकि इन तालुको में अच्छा एवं आधुनिक उपकरणों से लैस कोई अस्पताल नहीं है एवं बीमारी की जांच करने हेतु कोई व्यवस्थित लेबोरेटरी नहीं है। सबसे अहम बात है कि इन क्षेत्रों में क्वालिफाइड डॉक्टरों की विशेष कमी है। आयुष्मान योजना के तहत क्वालिफाइड डॉक्टरों का होना आवश्यक है परंतु अभी डॉक्टरों की कमी से इन तालुको के आदिवासी लोगों का इलाज ठीक तरह से नहीं हो पा रहा है।

मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच अंतर्गत नर्मदा के डिड़ियापाड़ा एवं सागवारा तालुका एवं भरूच जिले के नेत्रण एवं वालिया तालुका में आयुष्मान योजना के तहत अस्पतालों में आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था की जाए और क्वालिफाइड डॉक्टरों को अस्पतालों में निरंतर रहने के निर्देश दिए जाएं एवं आवश्यकता अनुसार क्वालिफाइड डॉक्टरों की भर्ती की जाए।